an>

Title: Need to provide a stoppage of Deccan Queen Express at Kalyan in Bhiwandi Parliamentary Constituency of Maharashtra.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र भिवंडी में कल्याण जंक्शन है, जहां की आबादी अभी लगभग दस से बारह लाख हो गई है। कल्याण से पूना तक डेली अप-डाउन करने वाले लोग इंटरसिटी और डेक्कन क्वीन ट्रेन्स से सफर करना पसन्द करते हैं, लेकिन इन दोनों ट्रेन्स का वहां पर स्टॉपेज नहीं है। अगर उनको इन ट्रेन्स में जाना हो तो उनको कल्याण से दादर जाना पड़ता है, जो 40 किलोमीटर दूर है या फिर उनको कल्याण से कर्जत जाना पड़ता है, जो 50 किलोमीटर दूर है। इसमें उनका टाइम खराब होता है।

मेरी आपके माध्यम से विनती है कि वहां लोगों की संख्या दस से बारह लाख होने की वजह से बहुत से यात्री हर दिन कल्याण से पूना यात्रा करते हैं, जिसमें उनको परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए डेक्कन क्वीन और इंटरसिटी, जो मुंबई से पूना के लिए चलती हैं, इन दोनों गाड़ियों को कल्याण में स्टॉपेज मिले, ऐसी मैं आपसे विनती करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री कपिल मोरेश्वर पाटील द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।